महत्वपूर्ण एवं खास

पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह हुए कोरोना संक्रमित, ट्विटर में दी जानकारी

रायपुर (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इसकी जानकारी उन्होंने ट्वीट कर दी है। पूर्व सीएम ने कहा कि— मैंने कोविड टेस्ट कराया है, जिसमें मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। संक्रमण को देखते हुए कुछ दिन आइसोलेशन में रहूंगा। मेरा निवेदन है कि विगत दिनों जो भी लोग मेरे संपर्क में आये हैं, वह अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए, अपना कोविड टेस्ट जरूर कराएं।

दिल्ली प्रवास पर रवाना हुई राज्यपाल, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में होंगी शामिल

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल अनुसुईया उइके दिल्ली प्रवास के लिए रवाना हो चुकी हैं। राज्यपाल उइके दिल्ली प्रवास के दौरान देश के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगी। मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में 25 जुलाई को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू विजयी हुई है।

घरेलू विवाद को लेकर बड़े ने छोटे भाई को पीटा

रायपुर (आरएनएस)। झंडा चौक पंडरी में घरेलू विवाद को लेकर बड़े ने छोटे भाई से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित यादव 32 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि उसका बड़ा भाई चंदन यादव ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नशीली दवाओं की बिक्री करते युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नशीली दवाओं की बिक्री करते स्कूटी सवार युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 500 नग नाईट्रोजन टेबलेट व 15 नग कोडिन फास्फेट सिरफ जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि अवंतिविहार शीतला तालाब के पास एक युवक स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एनके 5980 में प्रतिबंधित नशीली दवाईयों का बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस के टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम जीतेन्द्र तांडी 27 वर्ष बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 500 नग नाईट्रोजन टेबलेट व 15 नग कोडिन फास्फेट सिरफ जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत करीब 5600 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मायके जा रही पत्नी के साथ मारपीट

महासमुंद (आरएनएस)। ससुराल छोडक़र मायके जा रही पत्नी की पति ने पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी है। तुमगांव पुलिस को संतोषी ढीढी ने बताया कि पति द्वारा चरित्र की शंका को लेकर प्रताडित किए जाने से त्रस्त होकर वे शुक्रवार को ससुराल छोडक़र मायके जा रही थी। इसी बात को लेकर पति अरविंद ढीढी ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

शिकायतों पर शिक्षकों पे हुई कार्यवाही, 2 निलंबित 1 की रोकी गई वेतन वृद्धि

❑ **कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर जिला शिक्षाधिकारी ने की कार्यवाही**

रायगढ़। विद्यालयों में शिक्षण कार्य में लापरवाही तथा अन्य गंभीर शिकायतों पर जांच कर कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर रानू साहू ने जिला शिक्षाधिकारी को दिए हैं। जिसके तहत 3 शिक्षकों पर कार्यवाही की गयी है। इनमें से दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है वहीं एक शिक्षक की वेतन वृद्धि रोकी गयी है। जिला शिक्षाधिकारी आर.पी.आदित्य से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुडूकेला विकासखंड लैलूंगा के शिक्षक रमेश कुमार डिल्की के विरुद्ध बीईओ लैलूंगा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार हमेशा विद्यालय से अनुपस्थित रहने, अनुपस्थिति के कारण अध्ययन अध्यापन कार्य प्रभावित होने, शराब का सेवन कर विद्यालय आने संबंधी कृत्य की पुष्टि होना पाया गया। जिसके चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूरा, विकासखंड खरसिया के शिक्षक अजय कुमार सरल को विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा के साथ अनुचित व्यवहार करने एवं शाला में अनुशासनहीनता बरतने संबंधी शिकायत की पुष्टि होना पाया गया जिसके चलते उन्हें भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। दोनों शिक्षको के निलंबन आदेश में उल्लेख हैं कि उनका कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के विपरीत होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इस दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

इसी प्रकार प्राथमिक शाला भाटा बरभांठा, विकासखंड घरघोड़ा के सहायक शिक्षक एलबी संजय निकुंज को हमेशा विद्यालय से अनुपस्थित रहने, अनुपस्थिति के कारण अध्ययन-अध्यापन का कार्य प्रभावित होने, शराब का सेवन कर विद्यालय आने के संबंध में नोटिस जारी किया गया था नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर उनकी आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी गयी।

पुटकापुरी मिडिल स्कूल में अध्यापन की हुयी व्यवस्था, हाई स्कूल के 13 शिक्षक लेंगे कक्षाएं

जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. आदित्य ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुटकापुरी में शिक्षकों की कमी के चलते अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रभावित न हो इसके लिए व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुटकापुरी, शासकीय उ.मा. विद्यालय के अधीनस्थ है। अत: अध्यापन व्यवस्था के लिए शासकीय उ.मा.विद्यालय के 13 शिक्षकों के कालखंड निर्धारित किए गए हैं। जो पूर्व माध्यमिक शाला में जाकर कक्षा लेंगे। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से अध्यापन कार्य 21 जुलाई से संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही अन्य शालाओं से यहां शिक्षकों की स्थायी व्यवस्था भी की जा

छत्तीसगढ़ में अब तक 507.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 507.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 24 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1334.6 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 169.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 180.5 मिमी, सूरजपुर में 257.3 मिमी, जशपुर में 223.2 मिमी, कोरिया में 292.7 मिमी, रायपुर में 345.8 मिमी, बलौदाबाजार में 473.6 मिमी, गरियाबंद में 580.0 मिमी, महासमुंद में 513.1 मिमी, धमतरी में 629.7 मिमी, बिलासपुर में 532.1 मिमी, मुंगेली में 545.6 मिमी, रायगढ़ में 441.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 599.7 मिमी, कोरबा में 382.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 505.5 मिमी, दुर्ग में 501.8 मिमी, कबीरधाम में 468.9 मिमी, राजनांदगांव में 553.2 मिमी, बालोद में 649.9 मिमी, बेमेतरा में 361.4 मिमी, बस्तर में 664.6 मिमी, कोण्डागांव में 596.6 मिमी, कांकेर में 695.9 मिमी, नारायणपुर में 524.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 683.3 मिमी और सुकमा में 497.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

तेल निकालने दौरान मशीन के एक्सल में महिला की फंसी साड़ी, दुर्घटना में महिला की मौत

❑ **थाना तमनार में तेल मिल के ऑपरेटर पर लापरवाही से परिपूर्ण कार्य करने का अपराध दर्ज**

रायगढ़ । दिनांक 23.07.2022 को थाना तमनार में ग्राम सरईटोला का परमेश्वर राठिया (उम्र 48 वर्ष) थाना आकर मर्ग इंटिमेशन दर्ज कराया कि इसकी पत्नी उर्मिला राठिया (उम्र 45 वर्ष) सुबह करीब 09.00 बजे लगभग 30 किलो डोरी (महुआ बीज) का तेल निकलवाने बजरमुडा के अमरनायक के तेल मिल गई थी। दोपहर लगभग 13 बजे तेल मिल पडोसी गांव सरईटोला की महिला चन्द्रवती तथा सरईडीपा के संतोष चौहान इसके घर जाकर बताये कि मशीन को संतोष प्रजा चला रहा था। तेल पेराई हो चुका था, महिलाएं मशीन घर से निकलने वाले थे। तभी घुमते हुए मशीन के एक्सल में उर्मिला का साडी फंस गया और उर्मिला उसमें फंस कर कई बार पटका गई पूरा कपडा साडी ब्लाउज पेटी कोट एक्सल में फंस गया है। उर्मिला को काफी अंदरूनी चोंटे लगी है। मशीन के पास ही मृत हालत में पडी है, तब उनके

साथ जाकर देखा। मर्ग इंटिमेशन कायम कर थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी.बंजारे अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मर्ग पंचनामा कर शव को पोस्ट मार्टम कराये तथा गवाहों का कथन लिये। जांच में पाया गया कि आपरेटर संतोष प्रजा द्वारा मशीनरी सामान के देखरेख में उपेक्षा करने से चलते मशीन के एक्सल के पास सुरक्षा घेरा नहीं रहने के कारण उर्मिला (मृतिका) का साडी फंस गया जिसमें घुमते हुये कई बार जमीन में पटका गई, अंदरूनी चोट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई जो अपराध धारा 287, 304ए ताहि का घटित होना पाये जाने से आरोपी संतोष प्रजा के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

व्यापारी के आफिस से 90 हजार की चोरी कर फरार हुआ अकाउंटेट गिरफ्तार, आरोपी से नगदी 90 हजार रुपए और बाइक जब्त

रायगढ़ । पुलिस चौकी जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत कालिंदी कुंज निवासी सरिया व्यापारी अमित कुमार गुप्ता के ऑफिस से कल दिनांक 23/07/2022 के दोपहर ऑफिस का अकाउंटेंट चंद्रशेखर जांगड़े दराज में रखे 90,000 की चोरी कर अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर फरार हो गया था। घटना की रिपोर्ट आज सुबह अमित गुप्ता द्वारा चौकी आकर दर्ज कराया गया, आरोपी चोरी छिपे घर आकर फरार होने ही वाला था जिसे जूटमिल पुलिस पकड़कर चौकी लायी। आरोपी से चोरी गये नकदी रकम और बाइक जप्त कर रिमांड पर भेजा गया है।

रिपोर्टकर्ता अमित कुमार गुप्ता बताएं कि कल 23/07/2022 को इसके भाई के घर सूर्या विहार, चक्रधरनगर में पूजा कार्यक्रम में गया हुआ था। इस दौरान घर ऑफिस में अकाउंटेंट चंद्रशेखर जांगड़े काम कर रहा था। दोपहर करीब 3:00 बजे घर वापस आए तो ऑफिस का ताला बंद रहने से चंद्रशेखर को कॉल किया जिसका मोबाइल बंद आया। दूसरी चाबी से ऑफिस खोल कर अंदर जाकर दराज को देखा तो दराज में रखे 90,000 नहीं था। चंद्रशेखर के घर जाकर पता किया तो घर में भी नहीं मिला। तब शंका होने पर आज पुलिस में जाकर सूचना दिया, पुलिस चौकी जूटमिल में कार्यरत सहायक उपनिरीक्षक विजयगोपाल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई। नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर जूटमिल पुलिस आरोपी के घर आसपास सादी वर्दी में तैनात थे तथा एक टीम आरोपी के आश्रय लेने और छिपने के ठिकानों पर दबिश दिया जा रहा था कि इसी बीच आरोपी चंद्रशेखर उसके घर आया जिसे पुलिस टीम पकड़कर चौकी लाया गया है। आरोपी चंद्रशेखर जांगड़े पिता विदेशी जांगड़े उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 34 डॉक्टर अंबेडकर नगर चौकी जूटमिल घटना स्वीकार किया है जिसके मेमोरेंडम पर नकद 90,000 रूपये एवं एचएफ डिलक्स मोटर सायकल को जप्त किया गया है। आरोपी को 24 घंटे के भीतर मय माल गिरफ्तार कर चोरी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में चौकी जूटमिल के सहायक उपनिरीक्षक विजय गोपाल, आरक्षक बनारसी सिदार, विक्रम सिंह और चौकी कनकबीरा के आरक्षक मुकेश साहू, थाना कोतरारोड के आरक्षक अभिषेक द्विवेदी की अहम भूमिका रही है।

पहली ही बारिश में बह गई अभी अभी बनी पुलिया

सुकमा (आरएनएस)। जिले के घुर नक्सल प्रभावित चिंतागुफा से भेज्जी जाने वाले मार्ग पर ग्राम करिगुंडम में नवनिर्मित पुलिया पहली ही बारिश में बह गया, यह वही पुलिया है जिस पर सडक़ निर्माण शुरू होने की खुशी में करिगुंडम गांव के बच्चे रोड बना रे गाते हुए खुशी जाहिर करते हुए एक विडियो शोसल मिडिया में जमकर वायरल हुआ था, जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी खुशी जाहिर करते हुए रिट्वीट किया था, जिसमें बच्चे सडक़ बनने की खुशी में नांचते दिखे थे, लेकिन पहली बारिश में इस पुलिया के बह जाने के बाद अब उसी करिगुंडम गांव के ग्रामीण ठेकेदार और अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहे है। पुल के बहने के बाद से नक्सल इलाके में दोगुने दर पर टेंडर लेकर ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चिंतागुफा से भेज्जी जाने वाले मार्ग पर पुलिस सीआरपीएफ कोबरा एवं एसटीएफ जवानों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में वर्षों से नक्सली आतंक के कारण बंद पड़े मार्ग के निर्माण के लिए पुलिस ने दो नए कैम्प कोलाईगुड़ा और करीगुंडम में स्थापित कर जैसे तैसे सडक़ व सडक़ में बनने वाले पुलिया का निर्माण किया गया था। जिसमें से एक पुल पहली ही बारिश में बह गया इस पुल के बह जाने से करिगुंडम इलाके का सम्पर्क पूरी तरह से जिला मुख्यालय से कट गया है।

उफनते नाले को पार कर रहे 1 ग्रामीण की हुई मौत, 4 किमी दूर मिला शव

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के कुटरू थाना क्षेत्र अंर्तगत विगत तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर हैं, शनिवार की शाम को हूंगाराम कोपा निवासी सोमनपल्ली अपने अपने 07 वर्षिय पुत्र विशाल कोपा के साथ खेत से लौटने के दौरान को पिता ने पुत्र को कंधे में सवार कर उफनते नाले को पार करने के दौरान बरसाती नाले के तेज बहाव में पिता-पुत्र बहने लगे, पेड़ के ठहनियों का सहारा लेकर पुत्र विशाल कोपा ने किसी तरह अपनी जान बचाई लेकिन बरसाती नाले के तेज बहाव में पिता हूंगाराम कोपा बह गया, जिसकी जानकारी मिलने पर प्रशासन राहत-बचाव कार्य के लिए मौके पर पंहुचा लेकिन हूंगाराम कोपा नही मिल सका, रविवार की सुबह 07 बजे प्रशासनिक राहत-बचाव दल को ग्रामीणों की मदद से घटनास्थल से 04 किमी दूर हूगाराम कोपा का शव मिल गया है। कुटरू तहसीलदार फनेश्वर सोम ने ग्रामीण का शव बरामद करने की पुष्टि करते हुए बताया कि राजस्व और पुलिस का अमला ग्राम सोमनपल्ली पहुंच गया है, ग्रामीण के शव का पोस्ट मार्टम कुटरू में किया जाएगा, मृतक के परिजन को नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जायेगा।

रेलवे लाइन में लगे अर्थिंग स्ट्रिप की चोरी मामले में अपचारी बालक व खरीददार गिरफ्तार

❑ **चोरी की 9 नग अर्थिंग स्ट्रिप बरामद, अपचारी बालक बाल संप्रेक्षण गृह और खरीददार जिला जेल दाखिल**

रायगढ़ । दिनांक 21.07.2022 को डी.बी. पावर प्लांट बाड़ादरहा के सेक्युरिटी हेड मनोज उपाध्याय द्वारा थाना खरसिया में प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया गया कि प्लांट में परिवाहन हेतु चपले से डी.बी प्लांट तक रेल्वे लाइन बिछाया गया है। दिनांक 18.07.2022 को ग्राम खैरपारनी के पास खम्भा नं0 101 से 123 के मध्य लगे 21 अर्थिंग स्ट्रिप को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए हैं जिस पर थाना प्रभारी खरसिया शनिप रात्रे द्वारा अपराध क्रमांक 339/2022 धारा 379 भादवि का अपराध दर्ज कर रिपोर्टकर्ता एवं प्लांट के अन्य कर्मचारियों से पूछताछ कर तत्काल खैरपाली के संदेही अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया। अपचारी बालक पूछताछ में 09 नग अर्थिंग स्ट्रिप की चोरी कर सायकल दुकानवाले श्याम लाल जायसवाल (45 साल) निवासी आमापाली थाना खरसिया के पास बेचना बताया। आरोपी श्याम लाल जायसवाल से 09 नग अर्थिंग स्ट्रिप को जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड पर सक्षम न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय के आदेश पर नाबालिग बालक को बाल संप्रेक्षण गृह व खरीददार श्यामलाल जायसवाल को जिला जेल रायगढ़ में दाखिल किया गया है। थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में माल मुल्जिम पतासाजी में सहायक उप निरीक्षक हेमंत कश्यप, प्रधान आरक्षक 622 लक्ष्मी नारायण राठौर, आरक्षक 876 राजेश राठौर की अहम भूमिका रही है, चोरी गये शेष अर्थिंग स्ट्रिप की पतासाजी के संबंध में थाना प्रभारी द्वारा मुखबिर व अपने स्टाफ लगाया गया है, पतासाजी जारी है।

कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन काउंसलिंग आज

रायपुर (आरएनएस)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में संचालित बी.एस.सी. आनर्स कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि वानिकी पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दाखिले हेतु ऑनलाईन काऊंसिलिंग प्रक्रिया सोमवार 25 जुलाई से प्रारंभ होगी। बी.एस.सी. स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी काऊंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 25 जुलाई से 15 अगस्त 2022 तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। काऊंसिलिंग में शामिल होने के लिए दिशा-निर्देश एवं समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है। काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों को 25 जुलाई से 15 अगस्त (रात्रि 12:00 बजे) के मध्य ऑनलाइन पंजीयन करना एंव दस्तावेज अपलोड करना होगा। 23 अगस्त, 2022 को पी.ए.टी.-2022 की प्रावीण्य सूची के आधार पर अभ्यर्थियो को सीट एवं महाविद्यालय का आबंटन किया जायेगा। अभ्यर्थियों को 24 से 27 अगस्त के मध्य दस्तावेज परीक्षण हेतु कृषि महाविद्यालय, रायपुर में उपस्थित होना होगा। आबंटित प्रोविजनल सीट को सुरक्षित करने हेतु अभ्यर्थियों को 24 से 28 अगस्त के मध्य ऑनलाइन फीस जमा करना अनिवार्य होगा।

सीट आबंटन के पश्चात यदि अभ्यर्थी किसी कारण से सीट सुरक्षित नहीं कर पाता है और आगामी चरण की काउंसिलिंग में भाग लेना चाहता है तो इस हेतु ऑनलाइन आवेदन 24 से 28 अगस्त के मध्य करना होगा। अभ्यर्थी यदि सीट सुरक्षित करने के पश्चात सीट को निरस्त करना चाहता है और आगे की किसी भी प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहता है तो 24 से 28 अगस्त के मध्य सीट निरस्त करना होगा। ऑटो अपग्रेडेशन एवं वर्ग कन्वर्शन की सीटों का आबंटन 31 अगस्त से 1 सितम्बर के मध्य किया जायेगा। ऑटो अपग्रेडेशन एवं वर्ग कन्वर्शन के पश्चात आबंटित एवं रिक्त सीटों की जानकारी 4 सितम्बर, 2022 को उपलब्ध कराई जायेगी। द्वितीय चरण की काउंसिलिंग 09 से 20 सितम्बर, 2022 तक आयोजित की जायेगी तथा स्पॉट एवं कन्वर्शन की अंतिम चरण की काउंसिलिंग 23 से 26 सितम्बर 2022 को आयोजित की जायेगी।

नरवा विकास: वन क्षेत्रों में 30-40 मॉडल के 1.67 लाख संरचनाओं का निर्माण जारी

❑ **अब तक वनांचल के 4 हजार एकड़ से अधिक भूमि उपचारित**

❑ **अनउपजाऊ तथा बंजर भूमि में 30-40 मॉडल है काफी फायदेमंद: वन मंत्री अकबर**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत विगत 3 वर्षों के दौरान वनांचल में स्वीकृत 30-40 मॉडल के एक लाख 66 हजार 930 संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से अब तक पूर्ण हुए लगभग 01.20 लाख संरचनाओं से वनांचल के 4 हजार एकड़ से अधिक भूमि का उपचार हो चुका है। इसके तहत 30-40 मॉडल के समस्त 1.67 लाख संरचनाओं के निर्माण से वनांचल के लगभग 7 हजार एकड़ अनउपजाऊ तथा बंजर भूमि को उपचार का लाभ मिलेगा।

नरवा विकास कार्यक्रम में कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 के अंतर्गत 30-40 मॉडल में कुल स्वीकृत 56 हजार 126 संरचनाओं में से अब तक समस्त 56 हजार 126 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसी तरह वार्षिक कार्ययोजना 2020-21 के अंतर्गत 30-40 मॉडल में कुल स्वीकृत 57 हजार 341 संरचनाओं में से अब तक 46 हजार 938 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 के अंतर्गत 30-40 मॉडल में कुल स्वीकृत 53 हजार 463 संरचनाओं में से अब तक 17 हजार 353 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

नरवा विकास योजना में इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि यह संरचना वनांचल के लिए काफी उपयोगी है। इसके मद्देनजर उन्होंने राज्य के वनांचल स्थित उछले भागों अथवा ढलान क्षेत्रों में 30-40 मॉडल के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से शामिल करने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि नरवा विकास योजना के तहत बनाए जा रहे 30-40 मॉडल के बारे में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी तथा कैम्पा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व्ही. निवास राव ने बताया कि वनांचल के जिन क्षेत्रों में मिट्टी की गहराई 0.60 मीटर तथा मुरमी मिट्टी, हल्की पथरीली भूमि, अनउपजाऊ भूमि, छोटे झाड़ों के वन और बंजर भूमि में यह मॉडल बहुत उपयुक्त है। इसके निर्माण से कुछ दिनों के पश्चात् उक्त क्षेत्रों की भूमि उपजाऊ होने लगती है। 30-40 मॉडल में वर्षा जल को छोटे-छोटे चोकाकर मेड़ों के माध्यम से एक 1.20 x1.40 x0.90 मीटर के गड्डे में भरते हैं और इसे श्रृंखला में बनाने से उक्त स्थल में नमी अतिरिक्त समय तक बनी रहती है। इस पद्धति में कार्य करने से वर्षा के जल को काफी देर तक रोका जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480